एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# जल्द ही एक फिल्म निर्देशित करने की तमन्ना : सयानी गुप्ता

*हाल फिलहाल पोशम पा और आर्टिकल 15 में नजर आईं अभिनेत्री सयानी गुप्ता का कहना है कि फिल्म निर्देशित करना उनका पुराना सपना रहा है। सयानी ने आईएएनएस से कहा, मैं जल्द ही किसी फिल्म का निर्देशन करना चाहती हूं। एफटीआईआई में फिल्म और अभिनय मेरे स्पेशलाइजेशन एरिया थे। यहां तक कि जब मैं एक स्क्रिप्ट पढ़ती हूं, तो मैं एक कहानीकार के दृष्टिकोण से सोचने लगती हूं, न कि सिर्फ एक कलाकार रूप में। इसलिए फिल्म का निर्देशन करना मेरा एक सपना है, जिसे मैं निश्चित रूप से पूरा करना चाहती हूं। शायद इसीलिए मैं हमेशा आर्ट निर्देशक को सुझाव देती रहती हूं और अपने मेकअप आर्टिस्ट से एक नए लुक बनाने को लेकर बात करती हूं। पोशम पा में अभिनेत्री के अभिनय को काफी सराहना मिल रही है।*

***सुष्मिता सेन सीख रही है स्किन डाइवः*** *अभिनेत्री सुष्मिता सेन का कहना है कि वे 43 की उम्र में स्किन डाइव करना सीख रही है और उनका कहना है कि कुछ सीखने के लिए कभी भी ज्यादा देर नहीं होती। सुष्मिता ने एक वीडियो साझा करते हुए कहा, 43 की उम्र में स्किन डाइव सीख रही हूं। कभी भी कुछ सीखने के लिए देर नहीं होती, केवल पहला कदम बढ़ाने की जरूरत होती है, बाकी अपने आप हो जाता है। उन्होंने कहा, मैं तब तक समुद्र में गोता लगाती रही, जब तक कि सीख ना जाऊं। शुक्रिया हुसैन हसम एक सांच की ताकत को सीखाने के लिए। उन्होंने अपने प्रेमी रोमन शॉल और बेटी अलीसा के साथ कई तस्वीरें और वीडियो साझा की। वे सभी इस तकनीक को सीख रहे हैं। उन्होंने तस्वीर के शीर्षक में लिखा, मैं सबसे साहसी 1० वर्षीय लड़की को जानती हूं और उसकी मां होने पर मुझे गर्व है। यही वह गिफ्ट है, जो मैं उसके 1०वें जन्मदिन पर दे सकती थी। अलीसा उस वक्त केवल 5 साल की थी, जब रीनी और मुझे पीएडीआई ओपन वॉटर स्कूबा ड्राइवर का सर्टिफिकेट मिला था, और उस समय वह काफी नाराज थी कि स्कूबा ड्राइविंग के लिए न्यूनतम आयु 1० साल है। उसने इस दिन के लिए पांच जन्मदिनों तक इंतजार किया है।*

# वर्जिनिटी खोने पर किया सवाल तो इलियाना ने दिया शानदार जवाब

इलियाना डिक्रूज बॉलिवुड की खूबसूरत ऐक्ट्रेसस में से एक हैं और अपने सोशल मीडिया अकाउंट से वह अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं। हाल ही फॉलोअर्स के साथ चिटचैट सेशन में किसी ने उनसे अमर्यादित सवाल पूछा जिसका उन्होंने मुंहतोड़ जवाब दिया।

दरअसल इलियाना ने एक इंस्टा स्टोरी पर एएसके एमई सेशन शुरू किया। इस सेशन के दौरान इलियाना से उनकी वर्जिनिटी के बारे में सवाल किया गया। किसी ने उनसे पूछा, आपने अपनी वर्जिनिटी कब खोयी?

इलियाना ने जवाब दिया, आप दूसरों के मामलों में काफी घुसते हैं! आपकी मां क्या कहेंगी! इसी बीच इलियाना ने हाल ही में मुकेश अंबानी के यहां गणेश चतुर्थी सेलिब्रेशन में पहुंची थीं। वहीं बीते दिनें वह अपने बॉयफ्रेंड से ब्रेकअप को लेकर भी सुर्खियों में रही हैं।

वर्क फ्रंट पर बात करें तो इलियाना अगली फिल्म पागलपंती में नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ जॉन अब्राहम, अनिल कपूर, अरशद वारसी और कृति खरबंदा होंगी। फिल्म को अनीस बज्मी डायरेक्ट करेंगे और यह 22 नवंबर को रिलीज हो रही है।

# प्रियंका को पता है मेरे जीवन में क्या चल रहा हैः मीरा चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा की कजन ऐक्ट्रेस मीरा चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म सेक्शन 375 को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। ट्रेलर में अपनी परफॉर्मेंस को लेकर वह दर्शकों को पहले ही इम्प्रेस कर चुकी हैं। फिल्म में वह एक रेप सर्वाइर के रोल में हैं और किरदार में उतरने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहीं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने फिल्म से जुड़े चैलेंजेज और प्रियंका चोपड़ा के बारे में बात की। फिल्म मिलने के बारे में उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें कई सारे ऑडिशंस और लुक टेस्ट देने पड़े थे। फिल्म की स्क्रिप्ट सुनते ही उन्होंने फैला कर दिया था कि किसी भी तरह इसको करना है। रेप विक्टिम के रोल से जुड़े चैलंजेज के बारे में उन्होंने बताया कि फिल्म के डायरेक्टर अजय बहल ने उन्हें कई सारे रेप सर्वाइवर्स से मिलवाया था। इससे उन्हें काफी मदद मिली। फिल्म में उनके साथ अक्षय खन्ना और रिचा चड्ढा भी हैं। उनके साथ काम करने के बारे में उन्होंने कहा कि यह बहुत ही बढ़िया अनुभव था। उन्होंने बताया कि वह अक्षय खन्ना की जबरदस्त फैन हैं। दोनों सीनियर्स ने उनकी काफी मदद की। मीरा प्रियंका की कजन सिस्टर हैं। जब पूछा गया कि क्या वह उनके संपर्क में हैं इस पर मीरा ने जवाब दिया कि वह प्रियंका के टच में हैं पर ज्यादा नहीं। उनके यूएस शिफ्ट होने से पहले दोनों के बीच ज्यादा बातचीत होती थी। हालांकि प्रियंका को पता है कि उनके जीवन और काम में क्या चल रहा है।